Office Phone: 079-22683065
Phone & Fax: 079-22682155

drbabugajji@yahoo.com
acdri-ahmedabad@gov.in

आयुर्वेद गर्भनिरोधी औषधि अनुसंधान संस्थान

(सी.सी.आर.ए.एस, "आयुष" मंत्रालय, भारत सरकार)

ओ/३, न्यू मैन्टल कैम्पस, मेघाणीनगर, अहमदाबाद - ३८००१६ (गुजरात)

AYURVEDA CONTRACEPTIVE DRUG RESEARCH INSTITUTE

C.C.R.A.S., MINISTRY OF 'AYUSH', GOI

O/3, NEW MENTAL CAMPUS, MEGHANINAGAR, AHMEDABAD - 380 016

फा.सं.1-136/2015-16/आ.ग.औ.अ.सं/अहम/स्था./ 469 दिनांक : 15.12.2015

नियुक्ति प्रस्ताव

प्रभारी (संस्थान), आयुर्वेद गर्भनिरोधी औषधि अनुसंधान संस्थान,अहमदाबाद द्वारा **वरिष्ठ सलाहकार (सीनियर कन्सल्टैन्ट)** के संविदा तथा प्रोजेक्ट कार्य के साथ को-टर्मिनस पर आधारित पद पर, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अधीन केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् (सीसीआरएएस), नई दिल्ली द्वारा जारी विज्ञप्ति सं. 2 (एन.पी.सी.डी.सी.एस)/2015 के अंतर्गत जिला सुरेन्द्रनगर में नियत/स्थिर (फिक्स्ड) मानदेय राशि **रू.50,000/- (पचास हजार रुपये)** प्रतिमाह के आधार पर पूर्व में छ: माह के लिए है जिसे नियोक्ता के विवेक तथा अभ्यर्थी के संतोषप्रद कार्य (परफोरमैन्स) के आधार पर एक वर्ष अथवा परियोजना की समाप्ति, जो पहले हो, के आधार पर नियुक्ति की जाती है। तदनुसार कार्यग्रहण की तिथि से नियुक्ति प्रदान कर निम्नलिखित अभ्यर्थियों का पदस्थापन उनके नाम के सम्मुख अंकित जिला मुख्यालय/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाता है:

क्र.सं.	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	पदस्थापन का स्थान (जिला सुरेन्द्रनगर)
1.	डॉ. जयकुमार शाह	श्री रजनीकान्त शाह	जिला चिकित्सालय - सुरेन्द्रनगर, जिला सुरेन्द्रनगर
2.	डॉ. कुन्दन गढवी	श्री मोरारदान गढवी	जिला चिकित्सालय - सुरेन्द्रनगर, जिला सुरेन्द्रनगर

उपरोक्त नियुक्ति निम्नांकित शर्तो के आधार पर होगी :

1. यह नियुक्ति पूर्व में छ: माह के लिए है जिसे नियोक्ता के विवेक तथा अभ्यर्थी के संतोषप्रद कार्य (परफोरमैन्स) के आधार पर एक वर्ष अथवा परियोजना की समाप्ति, जो पहले हो, के आधार पर नियुक्त किया जा सकता है एवं नियुक्ति को किसी भी समय बिना किसी कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
2. यह नियुक्ति प्रस्ताव पूर्णत: संविदा तथा प्रोजेक्ट कार्य के साथ को-टर्मिनस है अर्थात् यह नियुक्ति परियोजना की समाप्ति के साथ स्वत: समाप्त हो जावेगी।
3. आपका संस्थान में इस नियुक्ति को नियमित अथवा स्थायी करने का कोई दावा (अधिकार) मान्य नही होगा।
4. आपको किसी प्रकार का पेंशन उपदान एवं सामान्य भविष्य निधि आदि परिलाभ देय नही होगा।
5. आप किसी भी प्रकार के अवकाश (आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त) के लिए अधिकृत नही होगें।
6. आप परियोजना की अवधि में किसी भी प्रकार का अन्यत्र कार्यभार/दायित्व लेने के लिए अधिकृत नहीं होगें।
7. आप केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् (सीसीआरएएस) एवं आयुर्वेद गर्भनिरोधी औषधि अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद के कर्मचारी के रूप में व्यवहरित (treated) नही होगें।

यदि आपको यह नियुक्ति प्रस्ताव उक्त शर्तो के अन्तर्गत स्वीकार्य है तो आप अपनी पदभार ग्रहण सम्बन्धित सूचना **श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय सुरेन्द्रनगर, जिला सुरेन्द्रनगर** के समक्ष **22-12-2015** तक प्रस्तुत करें। यदि उक्त अवधि तक आप कार्यग्रहण नही करते हैं, तो यह प्रस्ताव स्वत: ही बिना किसी सूचना के निष्प्रभावी व निरस्त माना जायेगा।

संस्थान द्वारा उक्त कार्यग्रहण के लिए किसी प्रकार का यात्रा व दैनिक भत्ता (टी.ए/.डी.ए.) देय नही होगा। मानदेय राशि का भुगतान श्रीमान् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय, सुरेन्द्रनगर के द्वारा उपस्थिति प्रमाणित करने के आधार पर संस्थान द्वारा किया जायेगा ।

(डॉ. जी. बाबु)
प्रभारी सहायक निदेशक

प्रतिलिपि:-

1. श्रीमान् महानिदेशक, सीसीआरएएस, नई दिल्ली को आवश्यक सूचनार्थ प्रेषित।
2. स्टेट प्रोग्राम आफिसर,एनसीडी सैल, सचिवालय, गाधीनगर को आवश्यक कार्यवाही सूचनार्थ प्रेषित।
3. श्रीमान् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय, सुरेन्द्रनगर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
4. श्रीमान् प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ), जिला चिकित्सालय, सुरेन्द्रनगर को सूचित किया जाता है कि कार्यग्रहण की सूचना श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सुरेन्द्रनगर को देते हुए, कार्यग्रहण रिपोर्ट प्रभारी (संस्थान), एसीडीआरआई को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित करे।
5. लेखाशाखा, एसीडीआरआई, अहमदाबाद को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
6. प्रशासन अनुभाग, एसीडीआरआई, अहमदाबाद को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
7. सम्बन्धित अभ्यर्थियों को अनुपालनार्थ प्रेषित।
8. सम्बन्धित पत्रावली।

(डॉ. जी. बाबु)
प्रभारी सहायक निदेशक